

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# पूजा मिश्रा ने गायकी में लहराया परचम

बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल, थियेटर आर्टिस्ट, वीडियो जॉकी अभिनेत्री और फिल्म निर्माता पूजा मिश्रा ने अब धमाकेदार और जोशीले अंदाज में गायकी की दुनिया में अपना परचम लहरा दिया है। पूजा ने रियलटी शो स्पेयर मी द क्रैब मेंटेलिटी के लिए डांसिंग ट्रैक हॉटर देन यू सून रिकॉर्ड कराया है। यह जोश, जुनून, उमंग और उत्साह से भरपूर डांसिंग ट्रैक है, जो निराशा और थकान से भरे पलों में किसी को भी नई उत्साहजनक रोशनी की चकाचौंध से भर देगा। यह ड्रांस ट्रैक आपको नाचने पर मजबूर कर देगा। आप अपनी जिंदगी की सारी मुसीबतों और परेशानियों को भुलाकर पूरी तरह तरोताजा हो जाएंगे।

पूजा ने बताया कि इससे पहले उन्होंने अपनी वेब सीरीज लव सूत्र और लाइफस्टाइल मैगजीन फॉर्मेट टीवी शो अभी तो पार्टी शुरू हुई है के लिए जिंगल गाए हैं। अब उन्होंने हॉटर देन यू सून गाकर सिंगिंग में अपना पहला कदम रखा है। पूजा की वेब सीरीज लव सूत्र के लिए गाए जिंगल, जो उन्होंने एनडीटीवी गुड टाइम्स के लिए बनाई थी, को इस लिंक से सुना जा सकता है। पूजा ने कहा, जब मैं अपनी सेक्सी और कॉमिडी से भरपूर बेव सीरीज लव सूत्र बना रही थी, जिसका इस समय हंगामा प्ले एप पर प्रसारण हो रहा है, उस समय मैंने महज 15 मिनट में इस शो के लिए जिंगल बनाया था और इसे खुद लिखा भी था।

पूजा मिश्रा ने अब आने वाले रियलटी शो स्पेयर मी द क्रैब मेंटेलिटी के लिए नया जिंगल हॉटर देन यू सून गाया है, जिसे उन्होंने राहुल त्रिपाठी के साथ मिलकर लिखा है।

पूजा ने बताया कि उनके जिंगल गाने का सिलसिला लाइफस्टाइल शो अभी तो पार्टी शुरू हुई से हुआ था, जिसका इस समय प्रसारण ई-24 बॉलीवुड चैनल पर हो रहा है। पूजा ने बताया कि इस एक मिनट के जिंगल को गाने के लिए उन्हें छह महीने कड़ी रियाज करना पड़ा। उन्होंने कहा, एक समय था, जब मैं रोमांटिक और सुरीले गाने पंसद करती थी, मगर मैं अब लव सांग्स नहीं, पार्टी म्यूजिक और डांस ट्रैक करती हूं। डांस ट्रैक आपको जोश और जुनून से भर देते हैं और आपके कदम अपने आप थिरकने लगते हैं।

उन्होंने बताया कि उनकी आने वाली फिल्म जड़ का प्रमोशनल वीडियो भी एक डांस ट्रैक ही है। हॉटर देन यू सून पूरी जोश जुनून और एनर्जी से भरा हुआ ड्रांसिंग ट्रैक है, जो आप में जोशीले अंदाज में जिंदगी जीने का जज्बा पैदा करेगा। इस डासिंग ट्रैक के बोल ही किसी को जोश से भरने के लिए काफी हैं।

# सलमान ने कटरीना को दी थी जीरो न करने की सलाह



शाहरुख खान की जीरो एक बिग बजट फिल्म थी। फिल्म से शाहरुख समेत बाकी को-स्टार्स कटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा को काफी उम्मीदें थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं नहीं कर पाई। अब एक रिपोर्ट के अनुसार दबंग खान ने अपनी खास दोस्त और ऐक्ट्रेस कटरीना को पहले ही जीरो मूवी न करने की नसीहत दी थी।

सलमान हमेशा कैट के मेंटर के तौर पर जाने जाते रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो सलमान को पहले से ही अंदाजा था कि जीरो कटरीना के करियर के लिए फायदेमंद साबित नहीं होगी। सलमान के एक खास दोस्त ने भी बताया कि, भाई ने कटरीना को जीरो,ठग्स ऑफ हिंदोस्तान दोनों फिल्में न करने की सलाह दी थी। दरअसल सलमान को दोनों फिल्मों में कटरीना के किरदार का किरदार काफी छोटा लगा था। इसलिए वह नहीं चाहते थे कि कैट ये फिल्में करें। सलमान की सलाह को इग्नोर करते हुए कैट ने फिल्में कीं, और यह दोनों ही फिल्में फ्लॉप साबित हुईं।

कैट की दो बिग बजट फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद माना जा रहा है कि सलमान दोबारा उनके मेंटर के रूप में नजर आएंगे। बता दें कटरीना की आखिरी हिट सलमान के साथ टाइगर जिंदा है थी। अब माना जा रहा है कटरीना के डूबते करियर को सलमान फिर से संवारेंगे। जल्द ही दोनों अब्बास जफर की फिल्म भारत में दिखाई देंगे। अगर सब सही रहा तो फिर से दोनों की जोड़ी एक और हिट मूवी दे सकती है।



# बेहद बोल्ड है नागिन-3 की सुरभि ज्योति

नागिन 3 की लीड एक्ट्रेस सुरभि ज्योति आजकल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. छोटे पर्दे कि ये लोकप्रिय नागिन इंस्टाग्राम पर अपनी कई तरह की तस्वीरें शेयर करती है. कभी वो लहंगा चोली में नजर आती हैं तो कभी वेस्टर्न ड्रेस में. सुरभि का ये अलग अंदाज़ उनके फैंस को काफी पसंद आता है तो आइये देखते हैं नागिन धारावाहिक की इस एक्ट्रेस यानी सुरभि ज्योति की कुछ ग्लैमरस एंड स्टाइलिश तस्वीरें. सुरभि ज्योति अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए अपने फैंस को अपने बारें में बताती रहती हैं. अपने निजी जिंदगी से जुड़ी तस्वीरों के अलावा वो नागिन 3 के सेट की भी कई वीडियो और तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं. इतना ही नहीं सुरभि अपने डेली रूटीन से भी लोगों को वाकिफ कराना चाहती हैं. सुरभि को फैशन ट्रेंड को फॉलो करना बहुत पंसद है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साड़ी से लेकर वेस्टर्न लुक्स की कई तस्वीरें शेयर की है. जीटीवी के लोकप्रिय सीरियल कुबूल है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली सुरभि टीवी की बेहद ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं. इन दिनों सुरभि नागिन 3 में अनीता हंसनंदानी और करिश्मा तन्ना के साथ दिखाई देती हैं. नागिन 3 सीरियल में मौनी रॉय को रिप्लेस करने वाली सुरभि वैसे तो पर्दे पर सिंपल लड़की बेला के रूप में नजर आती हैं लेकिन असल जिंदगी में वो काफी बोल्ड हैं.

# मेरा तो डेब्यू हो रहा है, कुछ नहीं कह सकती राजकुमार हिरानी मामले पर: अंकिता लोखंडे

फिल्म मणिकर्णिका के साथ बड़े परदे पर डेब्यू कर रही अभिनेत्री अंकिता लोखंडे इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में जुटी हैं। प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान जब अंकिता से मीटू अभियान के तहत राजकुमार हिरानी पर लगे यौन शोषण के आरोप पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो अंकिता ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि इस मामले में वह बात नहीं कर पाएंगी, क्योंकि अभी-अभी वह बॉलिवुड में डेब्यू कर रही हैं। अंकिता से जब सवाल किया गया कि बॉलिवुड के जाने-माने और सफल निर्देशक राजकुमार हिरानी जैसे निर्देशक के खिलाफ जब यौन शोषण की शिकायत सामने आती है, तब एक ऐक्ट्रेस होने के नाते किस तरह के विचार आते हैं। इस तरह के मामलों में क्या कहेंगी? जवाब में अंकिता ने कहा, मैं इन विषयों पर कुछ कहकर जज करने वाली कौन होती हूं? इस समय फिल्मों में मेरा डेब्यू भी हो रहा है, ऐसे में क्या बोलूं। मुझे ऐसा लगता है कि यह बेहद गंभीर विषय है। इस बात को अभी छोड़ दिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। आपको बता दें कि राजकुमार हिरानी पर एक महिला ने फिल्म संजू की शूटिंग के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हालांकि राजकुमार हिरानी और उनके वकील ने इन शिकायतों को सिरे से खारिज कर बेबुनियाद कहा है। हिरानी कहते हैं, मैं बिल्कुल हैरान था, जब दो महीने पहले मुझे मेरे ऊपर लगे इन आरोपों के बारे में पता चला।